अभ्यास प्रश्न पत्र सत्र 2023

विषय- जीवविज्ञान सेट- c

कक्षा -12

समय-3घंटा पूर्णांक-70

निर्देश-

1.सभी प्रश्न अनिवार्य हैं|

2.प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक के लिए 7 अंक आवंटित हैं|

3.प्रश्न क्रमांक 5 से 12 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक के लिए 2 अंक आवंटित हैं |

4.प्रश्न क्रमांक 13 से 16 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक के लिए 3 अंक आवंटित हैं|

5.प्रश्न क्रमांक 17 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है जिसके लिए 4 अंक आवंटित है |

6. प्रश्न क्रमांक 18 से 19 तक अति दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है जिसके लिए 5 अंक आवंटित हैं|

7.आवश्यकता अनुसार स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइए |

1 सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1X7=7

i) परागकण का अध्ययन कहलाता है -

a)पेलीनोलॉजी b) एथमोलॉजी c) पेलीयो बॉटनी d) टेक्सोनोमी

ii) जन्म दर तथा मृत्यु दर का अनुपात कहलाता है-

a) जैविक इंडेक्स b)जनसंख्या घनत्व को c) कुल संख्या d) समष्टि डायनामिक्स

iii) अपूर्ण प्रभाविता में f2 पीढ़ी का संलक्षण अनुपात होगा -

a) 3:1 b) 1:2:1 c) 1:1:1 d) 1:3

iv) किन कोशिकाओं को अमर कोशिकाएं कहा जाता है-

a) जर्म कोशिकाएं b)यकृत कोशिकाएं c)वृक्क कोशिकाएं d) तंत्रिका कोशिकाएं

v) लीवर सिरोसिस उत्पन्न करने वाला कारक है -

a) वसा b) विटामिन c) तंबाकू d)अल्कोहल

vi) प्लाज्मिड नाम दिया-

a) जैकब एंड मोनाड b)लीडर बर्ग c) खुराना d) अथ सेगर

vii) धंसे हुए रंध्र पाए जाते हैं-

a) मरूद्भिद पौधों में b) जलीय पौधों में c)स्थलीय पौधों में d) तैरते हुए पौधों में

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - 1X7=7

i) वृषण में .....कोशिकाओ द्वारा लिंग हार्मोन निर्मित होता है।

ii) डीएनए के खंडों को जोड़ने का कार्य..... एन्जाइम करता है।

iii) कैंसर के लिए उत्तरदाई जीन को.....कहते हैं।

iv) एथिल अल्कोहल के उत्पादन के लिए .....(यीस्ट) का प्रयोग किया जाता है।

v) पीसीआर को सर्वप्रथम.....ने विकसित किया।

vi) सुनहरे चावल में विटामिन.....पाया जाता है।

vii) श्वसन मूल .....पौधों में पाई जाती है।

3. एक शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए - 1X7=7

i) बीजांड का वह स्थान जहां बीजांड वृत्त से जुड़ा होता है क्या कहलाता है?

ii) गर्भाशय के अंदर भ्रूण का पोषण कौन करता है ?

iii) मानव में लिंग निर्धारण किस क्रोमोसोम के कारण होता है ?

iv) एड्स दिवस कब मनाया जाता है?

v) बी.ओ.डी का पूरा नाम लिखिए।

vi) पहले क्लोंन जंतु का नाम लिखिए

vii) सहजीविता का एक उदाहरण लिखिए।

4 सही जोड़ी बनाकर लिखिए - 1X7=7

(अ)	(ब)
i)पार्थइनओकापी	a)एसटीडी
ii) सिफलिस	b)ट्रांसजेनिक पौधे
iii) जिराफ की गर्दन	c) पेडोलॉजी
iv)एड्स	d) मीथेन
v) बायोगैस	e)लैमार्क
vi) बीटी कॉटन	f) ट्रिपोनियो पेल्डिम
vii)मृदा	g)केला

5)एक बीजपत्री बीज एवं द्विबीज पत्री बीज में कोई दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

लघु बीजाणुधानी एवं गुरु बीजाणु धानी के मध्य कोई दो अंतर लिखिए।

6) वृषण के कोई दो कार्य लिखिए। 2

अथवा

अपरा के कोई दो कार्य लिखिए।

7)गिफ्ट क्या है। 2

अथवा

टेस्ट ट्यूब बेबी किसे कहते है|

8)मेंडल ने अपने प्रयोग के लिए मटर के पौधों का चुनाव क्यों किया। 2

अथवा

किन्हीं दो अलिंग सूत्री अनुवांशिक विकारों के नाम व उनके एक-एक लक्षण लिखिए।

9)जेनेटिक कोड की चार विशेषताएं लिखिए। 2

अथवा

डीएनए द्विगुणन से संबंधित एंजाइमों के नाम लिखिए।

10)जन्मजात प्रतिरोधकता एवं अर्जित प्रतिरोधकता में अंतर लिखिए। 2

अथवा

बी कोशिका एवं टी कोशिका में अंतर लिखिए।

11)जीवाणुओं की किन्हीं दो क्षेत्रों में उपयोगिता लिखिए। 2

अथवा

पनीर के प्रकार बताते हुए उसे तैयार करने में प्रयुक्त सूक्ष्मजीव का नाम लिखिए।

12)Ti प्लाज्मिड क्या है ? 2

अथवा

जीएम फसलों की विशेषताएं लिखिए।

13) एक प्रारूपी आवृत्तबीजी बीजांड का नामांकित चित्र बनाते हुए वर्णन कीजिए। 3

अथवा

पुरुष जनन तंत्र का नामांकित चित्र बनाइए।

14)डीएनए फिंगरप्रिंटिंग क्या है? इसकी उपयोगिता लिखिए। 3

अथवा

सहप्रभाविता को उदाहरण सहित लिखिए।

15)व्यसन के प्रमुख कारणों को लिखिए। 3

अथवा

बायोगैस के उत्पादन में सूक्ष्मजीव किस प्रकार भूमिका निभाते हैं? लिखिए।

16) शीत निष्क्रियता से उपरति किस प्रकार भिन्न है। 3

अथवा

उन गुणों को बताइए जो व्यष्टियों में तो नहीं पर समष्टियों में होते हैं।

17)डीएनए से एमआरएनए के निर्माण की क्रिया विधि लिखिए। 4

अथवा

डार्विन के प्राकृतिक वरण वाद को लिखिए।

18) संक्षिप्त में लिखिए- 5

a) प्लाज्मिड b) डीएनए पुनर्योगज तकनीक

अथवा

a) बायोपायरेसी b)बायोपेटेंट

19)संक्षिप्त में लिखिए -

a) मरुस्थलीय पादपों में अनुकूलन b) परजीविता 5

अथवा

a) बसंतीकरण ब) दीप्तिकालिता